एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सालों से इस डिसऑर्डर से पीड़ित हैं , बताते वक्त हो गईं भावुक

श्रद्धा कपूर बॉलिवुड की सक्सेसफुल ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं। आज उनके पास बड़ी-बड़ी फिल्मों के ऑफर हैं और हर निर्माता-निर्देशक उनके साथ काम करना चाहता है। लेकिन यह मुकाम श्रद्धा को इतनी आसानी से नहीं मिला। एक स्टार किड होने के बावजूद उन्हें काफी संघर्ष झेलना पड़ा। यह संघर्ष मानसिक तौर पर था। क्या आप जानते हैं कि श्रद्धा पिछले कई सालों से एक डिसऑर्डर से पीड़ित हैं?

पिंकविला को हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने बताया कि वह तो जानती भी नहीं थी कि ऐंग्जाइटी होती क्या है। उन्हें इसके बारे में 2०13 में फिल्म च्आशिकी 2ज् के बाद पता चला। हर वक्त उन्हें शरीर में जगह-जगह पर दर्द महसूस होता था। किसी तरह के लक्षण नजर नहीं आते थे। श्रद्धा की मानें, तो उन्होंने इसके लिए ढेर सारे मेडिकल टेस्ट भी करवाए, लेकिन डॉक्टर की रिपोर्ट में कुछ भी गलत नहीं निकलता था। जबकि यह उनके लिए काफी अजीब था क्योंकि उन्हें दर्द होना बंद नहीं था और इसकी वजह उन्हें समझ नहीं आ रही थी। श्रद्धा कपूर आगे कहती हैं कि वह अभी भी ऐंग्जाइटी से पीड़ित हैं, लेकिन अब इससे डील करने का बेहतर तरीका तलाश लिया है। श्रद्धा ने कहा कि लोगों को इसे स्वीकार करना होता है कि वे ऐंग्जाइटी से पीड़ित हैं। उन्हें मानना पड़ता है कि यह उन्हीं का एक हिस्सा है। श्रद्धा की मानें तो ऐंग्जाइटी से प्यार से निपटा जा सकता है। प्रफेशनल फ्रंट की बात करें, तो श्रद्धा कपूर दो फिल्में, च्साहोज् और चछिछोरेज् हाल ही में रिलीज हुईं, जिन्हें अच्छा रिस्पॉन्स मिला। आने वाले वक्त में वह च्स्ट्रीट डांसर 3छ्ज और च्बागी 3ज् में नजर आएंगी।

शुरू हुई टाइगर की बागी 3 की शूटिंग, श्रद्धा कपूर की हुई वापसी

बागी और बागी 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अब मेकर्स फिल्म का तीसरा पार्ट भी ला रहे हैं। शुक्रवार को बागी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इस बार फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख भी नजर आएंगे। साजिद नाडियाडवाल ने ट्विटर पर सेट से तस्वीर शेयर करके यह सूचना दी है। फैन्स को ऐक्शन पैक्ड फैंचाइज की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि बागी में श्रद्धा कपूर नजर आई थीं। अब इस फैंचाइज में उनकी वापसी से फैन्स के साथ-साथ क्रू भी खुश है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग भारत के साथ-साथ विदेश में भी होगी। पिछली दोनों फिल्मों की ही तरह फैन्स को टाइगर की इस फिल्म में भी जबरदस्त ऐक्शन होने की उम्मीद है। अप्रैल में डायरेक्टर अहमद खान और उनकी टीम ने इजिप्ट, सर्बिया, तुर्की, जॉर्जिया जैसे देशों का दौरा किया था। फिल्म के क्लाइमैक्स के लिए किसी रेगिस्तान के लोकेशन की जरूरत है। पिछली बार क्लाइमैक्स थाईलैंड के जंगलों में शूट किया गया था। यह फिल्म मार्च 2०2० में रिलीज होगी।

रिलीज होते ही छाया मिलिंद गाबा और मिस पूजा का रोमांटिक सॉन्ग सोणेया 2

पंजाबी सॉन्ग सोणेया की सुपर सक्सेस के बाद इस सॉन्ग का सीक्वल यानी सोणेया 2 रिलीज कर दिया गया है। इसे मिलिंद गाबा और मिस पूजा ने गाया है। यह एक रोमांटिक लव सॉन्ग है, जो बेहद खूबसूरत है। इसमें मिस पूजा और मिलिंद की अमेजिंग केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। और तो और रिलीज किए जाने के 6 घंटे के अंदर ही यह गाना एक मिलियन व्यूज क्रॉस कर चुका है। यानी इसे 1० लाख से यादा बार देखा जा चुका है। फिलहाल यह सॉन्ग यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस गाने के लिरिक्स हैपी राइकोटी (Happy Raikoti) और मिलिंद गाबा ने मिलकर लिखे हैं, जो काफी खूबसूरत हैं। एमजी म्यूजिक द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को इस तरह से क्रिएट किया गया है कि यह लोगों के जेहन में लंबे समय तक ताजा रहे। इस गाने के बारे में बात करते हुए मिलिंद गाबा ने कहा, यह गाना मेरे दिल के काफी करीब है और एक खास अहमियत रखता है। मैं चाहता था कि यह गाना दर्शकों के लिए भी एक यादगार अनुभव साबित हो। दो लोग एक रिलेशनशिप में एक-दूसरे के प्रति कैसे प्यार दर्शाते हैं, उस भाव को इस गाने के जरिए दिखाने की कोशिश की गई है। और मिस पूजा के साथ काम करने में हमेशा ही मजा आता है। वहीं मिस पूजा ने कहा, मिलिंद गाबा और मैंने कुछ वक्त पहले सोणेया सॉन्ग भी गाया था और उसके लिए हमें जो प्यार मिला वह जबरदस्त था। 1 साल बाद हमने फैसला किया कि इस सॉन्ग का सीचल लाएंगे, जिसमें अहसास तो वही होगा लेकिन एक अलग तरह के अनुभव के साथ। हम उम्मीद करते हैं लोग सोणेया 2 को भी उतना ही प्यार दें जितना उन्होंने सोणेया को दिया। सोणेया 2 टाइम्स म्यूजिक और स्पीड रिकॉर्ड्स पर ही रिलीज होगा। इसके अलावा यह स्पीड रिकॉर्ड्स के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध होगा।